हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025






## 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा अभियान, पंजीयन के बाद मिलेगी सुविधाएं

# किसानों की बन रही डिजिटल आईडी 5.60 लाख में दो लाख का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के इस दौर में अब प्रदेश सरकार किसानों को भी पूरी तरह से डिजिटल करने जा रही है। फार्मर आईडी पोर्टल में पंजीयन के बाद अब हर किसान की एक डिजिटल आईडी बनाई जा रही है। खास बात यह है कि इस आईडी के बनने बाद किसान अपनी आईडी के जरिये ही फसल बीमा, समर्थन मूल्य पर धान बिक्री, ऋण लेने सहित अन्य कार्य कर पाएगा। अब तक अविभाजित जिले के पौने पांच लाख किसानों में दो लाख ने अपना पंजीयन करा लिया है। सीएससी सेंटरों के माध्यम से किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। इसके लिए समय-समय पर किसानों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी होते हैं।

⏩ शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- जिले के सभी सीएससी सेंटरों को पंजीयन करने के दिए गए निर्देश
- किसान स्वयं से नहीं करा रहे अपना पंजीयन, विभाग करा रहा मुनादी




### शत-प्रतिशत पंजीयन का टारगेट

हम जिले के शत-प्रतिशत किसानों को पंजीकृत करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिन किसानों ने भी अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द नजदीकी केंद्र में जाकर पंजीयन कराएं। सरकार की हर योजना का लाभ लेने यह अनिवार्य है। - **सरस्वती बंजारे**, प्रभारी अधिकारी

### मिलेगी यह सुविधा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि – सीधे बैंक खाते में 6,000 रुपए वार्षिक सहायता
किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन– कम ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा
फसल बीमा योजना – प्राकृतिक आपदाओं में नुकसान की भरपाई
खाद-बीज सब्सिडी–सरकारी सब्सिडी का सीधा लाभ
डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजनाएं– बिना बिचौलियों के सीधे खाते में राशि हस्तांतरण
किसान आईडी का उपयोग ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग इन कर अपनी योजना की स्थिति जानने और आवेदन करने के लिए भी कर सकते हैं।

### किसान नहीं करा रहे पंजीयन, विभाग परेशान

*मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर से अफसरों को इस काम को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। यही कारण है कि फिल्ड पर उतरकर पंजीयन कराया जा रहा है, लेकिन एक समस्या यह भी आ रही है कि किसान अपने मन से पंजीयन कराने नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं कई किसान जिले से बाहर रहते हैं, ऐसे में उन तक अपनी बात पहुंचाने में भी प्रशासन को दिक्कतें आ रही है। हालांकि किसान किसी भी शहर में ऑनलाइन पोर्टल के जरिये अपना पंजीयन करा सकता है।*

### आधार-बैंक पासबुक जरूरी

मिली जानकारी के अनुसार किसान आईडी में पंजीयन कराने के लिए तीन दस्तावेज अनिवार्य रखे गए हैं। इनमें किसान का आधार कार्ड, उसके बैंक खाते की पासबुक एवं जमीन से जुड़े दस्तावेज जिनमें बी-वन, बी-टू, ऋण पुस्तिका शामिल है। इनके बदौलत किसान अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं। इस खरीफ सीजन में धान बेचने से पहले भी किसानों को इसमें पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन की सुविधा जिले के सभी लोक सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत, सहकारी समिति के अलावा कृषि विभाग के शिविर के माध्यम से दी जा रही है।

### नांदगांव में सर्वाधिक किसान

अविभाजित राजनांदगांव जिले में किसानों की कुल संख्या करीबन 4.65 लाख है। हालांकि किसानों की संख्या घटते-बढ़ते रहती है। इनमें राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक 3.12 लाख किसान हैं। जिनमें अब तक 111884 किसान का पंजीयन कर लिया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 87500 किसान है। जिनमें 54802 किसान का पंजीयन हो गया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 65 हजार किसानों में से 33649 किसान ने अपना पंजीयन करा लिया है। 31 अक्टूबर तक यह पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ (प्र) आई.टी.आई.
➡ इलेक्ट्रीशियन
➡ कोपा/हार्डवेयर
➡ हेल्थ इंस्पेक्टर
धनोरा, दुर्ग 9399532280

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## म्यूल अकाउंट, दुर्ग से एक आरोपी गिरफ्तार



- बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल अकाउंट खाताधारक की पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सिस बैंक के खाताधारकों द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धन राशि 7,77,599.00 रुपए को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में खाताधारकों के विरूद्ध अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी शुभम सिंह राजपूत के खाता में उक्त ठगी रकम 99,990 रुपए उसके खाता में ट्रांसफर हुआ था। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### तीन पर हुई थी कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान 25 साल निवासी तुमडीबोड, लोकेन्द्र बंजारे 30 साल निवासी ग्राम पिनकापार, दिगंत अवस्थी उर्फ लाला 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा हाल बीटीआई रोड डोंगरगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

## गर्भवती महिलाओं से सायबर क्राईम, सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** गर्भवती महिलाओं से मितानिन को कान्फ्रेंस में लेकर सरकारी अस्पताल राजनांदगांव से डॉक्टर हूं कहकर रकम निकासी ऑन लाइन ठगी कर क्राइम फ्रॉड किया गया।,

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को भाजपा ग्रामीण मंडल के नेतृत्व में आज ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकार पूर्व एवं पश्चिम के मंडल अध्यक्ष मनोज साहू एवं खिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती देव कुमारी साहू ,भाजपा वरिष्ठ विवेक साहू महामंत्री संदीप साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि कृष्णा साहू रामकिसुन साहू आसकुमार कन्नौजे, गोपाल साहू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### ओटीपी साझा ना करें

सरपंच प्रतिनिधि रामकिसुन साहू ने ग्राम वासियों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की ओटीपी या अन्य जानकारी मोबाइल फोन के माध्यम से साझा ना करें।उक्त जानकारी रामकिसुन साहू समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत परमालकसा के द्वारा दिया गया।

जैन मोटर्स
खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी
हमारी टीम से जुड़िए
सेल्समेन
• गंडई - 3
• खैरागढ़ - 3
• अंबागढ़ चौकी - 3
मैकेनिक / टेक्नीशियन
• मानपुर - 2
• अंबागढ़ चौकी - 2
कम्प्यूटर ऑपरेटर
• राजनांदगांव - 3
आवेदन के लिए तुरंत संपर्क करें

अधिकृत विक्रेता John Deere India Pvt. Ltd.
9977184777,8120006476
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 । मानपुर 8959179777 । चिचोला । गण्डई

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444



शुद्धता जिस पर आप भरोसा कर सकें
ALL DAY OPEN
सहेली ज्वेलर्स
भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

## खबर संक्षेप

### भक्तों का दल गया देवघर धाम



**खड़गांव।** देवघर बाबा धाम जाने के लिए पैंतीस से चालीस भक्तों का दल शुक्रवार को यहां से रवाना हुआ। मनोज महाराज और रुपेश गुप्ता के नेतृत्व में लगभग पांच सालों से देवधर बाबा धाम की यात्रा पर लोग जा रहे है। इसी क्रम में 18 जुलाई को भक्तों का दल रवाना हुआ।यह दल सुल्तानगंज तक रेल से सफ़र करेगा। सुल्तानगंज से देवघर बाबा धाम की यात्रा पैदल कांवर लेकर की जाएगी। यात्रा पर जाने वालों में मनोज महाराज, रूपेश गुप्ता, डोमन बघेल, डिगेश, गोविंद राना, ठाकरे, रमन, राजेन्द्र साहू, टीकम साहू, निखिल, गैंदलाल, खूबचंद, कार्तिक पटेल आदि शामिल हुए। विदाई के दौरान ग्रामवासियों ने भक्तों का उत्साहवर्धन किया। यह जानकारी व्यापारी संघ के सदस्य लक्की गुप्ता ने दी।

### कॉलेज में वाणिज्य संकाय शुरू करने की मांग



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति को ण ज्ञापन सौंप कर रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में राजनीतिक विज्ञान विषय हेतु पद सृजन तथा वाणिज्य संकाय की पुनः शुरु करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि इस महाविद्यालय में क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल करते हैं परंतु विषयों की सीमित उपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को अन्य महाविद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने राजनीतिक विज्ञान विषय हेतु नवीन पद सृजन और वाणिज्य संकाय को पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दशमत चंदेल, लक्ष्मी जंघेल, रूप कुमार माहिकवार, चैनदास जंघेल, भगवती वर्मा, ईश्वरी वर्मा, महेश्वर जंघेल, गुलाब वर्मा, गयाप्रसाद वर्मा, महेश महुले, मोहन वर्मा, जोहन वर्मा, हुजूरदास वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, विश्राम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### भोथली में सामाजिक संस्था ने किया पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम पंचायत भोथली में 50 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान संस्था अध्यक्ष पुष्पलता सेरूवा, कमलेश यादव, नरेंद्र ताईवडे, चन्द्रकांता महानदिया, सरपंच, पंच, सचिव और ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड के विस्तार पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट एवं गाइड्स विकासखंड शाखा की बैठक बीईओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में स्काउट गाइड गतिविधि एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, डॉ सोमनाथ यादव, राजेंद्र गोलछा, उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, प्रवाससिंह बघेल, दविंदर सिंह भाटिया, बीईओ वीरेंद्र कौर, मयूख श्रीवास्तव एवं लेखराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में वार्षिक कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन, पौधरोपण, अंशदान जमा, शालाओं में स्काउट गाइड कब, बुलबुल के गठन आदि पर चर्चा की गई। यह जानकारी लेखराम वर्मा ने दी।



### लंबित वेतन के भुगतान की मांग

**डोंगरगढ़।** पालिका के सफाई कर्मचारियों ने जून एवं जुलाई माह का वेतन रक्षाबंधन के पहले भुगतान करने की मांग की है। उनका कहना है कि 9 अगस्त के पहले वेतन भुगतान होने से वह भी रक्षाबंधन का त्योहार खुशी के साथ मना सकेंगे। पर्व को देखते हुए उन्होंने वेतन भुगतान 5 अगस्त से पहले करने की मांग की है।

### पेनलों के खुले कार्यालय




**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी ट्रस्ट के चुनाव में मां बम्लेष्वरी सेवा दल और भैय्या जी पेनल के बीच कांटे की टक्कर देखी जा रही है। आगामी 20 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर दोनों पेनल आमने सामने आ गए है। दोनों ही पेनल ने अपने कार्यालय का उदघाटन कर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास शुरू कर दिया है। वहीं चुनावी रणनीति बनाने लगातार बैठक का दौर भी जारी है। गत दिनों दोनों पेनल ने विधिवत पुजा अर्चना के साथ अपने प्रत्याशियों का परिचय मतदाता के समक्ष रखा।

### गेड़ी चलाना सीख रहे बच्चे



**खड़गांव।** खड़गांव के बच्चे इन दिनों पढ़ाई के बाद गेड़ी चलाने का अभ्यास कर रहे हैं। बच्चों को देखकर अन्य में भी गेड़ी पर चलाने की ललक जाग रही है। खिलेश साहू ने बताया कि आगामी दिनों गेड़ी पर चढने का पर्व मनाया जाएगा। पर्व पर गेड़ी चलाने का एक अलग ही मजा है जिसके कारण अभी से अभ्यास किया जा रहा है। नितिन और निखिल ने बताया कि ग्राम में गेड़ी प्रतियोगिता रखी जाती है जिसमें समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इस बार स्पर्धा में वह प्रथम स्थान प्राप्त करना चाहते हैं इसलिए स्कूल से आने के बाद गेड़ी चलाने का अभ्यास कर रहे है। वर्तमान में वह दो फीट से लेकर दस फीट के बांस पर गेड़ी चला सकता हूं। प्रतियोगिता के लिए निखिल मंडावी, नितिन मंडावी, खिलेश साहू, सूर्यकांत धुर्वे , हर्ष धुर्वे आदि लगातार अभ्यास कर रहे हैं।

# चार माह गूंजेगी जिन वाणी, चातुर्मासि कलश स्थापना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आर्यिका 105 सारमति माता की जन्म धरा के जैन श्रावक श्रविकाओं को अगले चार माह तक जिन वाणी का श्रवण करने और जीवन का सार जानने का मौका मिलेगा साथ ही गुरु विद्यासागर महाराज से जुडी स्मृतियों की जानकारी भी दो शिष्याओं से मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य के पहले जैन तीर्थ और जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि भूमि चंद्रगिरी में आर्यिका 105 आदर्शमति माता संसघ विराजित है। इसी संघ की आर्यिका श्वेतमति और विदेह मति चातुर्मास के निमित्त से यहां विराजमान है जिनका कलश स्थापना समारोह कल 19 जुलाई को रखा गया है। गौरतलब है कि आषाढ़ पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक जैन साधु-साध्वियां एक ही स्थान पर रुककर साधना, तपस्या और धार्मिक प्रवचन करते हैं। कहा जाता है कि वर्षा ऋतु में कीड़े-मकोड़ों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए साधु-साध्वी एक ही स्थान पर ठहरते हैं, और इस दौरान अहिंसा, आत्म-संयम और आध्यात्मिक विकास पर जोर दिया जाता है।

### उत्तर से दक्षिण तक चातुर्मास





जानकारी के अनुसार राज्य स्थापना के बाद पहली बाद उत्तर से दक्षिण तक दिगंबर जैन साधु - साध्वी का चातुर्मास हो रहा है। आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि भूमि चन्द्रगिरि में आर्यिका आदर्शमति, डोंगरगांव में श्वेतमति, राजनांदगांव में सुशांतमति, दुर्ग में दुर्लभमति, भिलाई में अक्षयमति, रायपुर में अंतरमति, बिलासपुर में अनर्धमति, अकलतरा में अपूर्व मति और विद्युत नगरी कोरबा में आर्यिका अखंडमति माता चातुर्मास के लिए विराजमान हैं। वहीं जगदलपुर मे मुनिश्री आगम सागर का चातुर्मास हो रहा है।

### होंगे विविध आयोजन

संत भवन प्रांगण में होने वाले कार्यक्रम के लिए श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी, श्री विद्या समय दर्श चातुर्मास प्रभावना कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। जानकारी के अनुसार कलश स्थापना समारोह दोपहर एक बजे से रखा गया है। इससे पहले सुबह 10 बजे पौधेरोपण किया जाएगा। इस दौरान मंगलाचरण, ध्वजारोहण, दीप प्रज्जवलन, आचार्य श्री की पूजन सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम होंगे। वहीं महिला मंडल, बहु मंडल, संस्कार मंडल, पाठशाला परिवार की प्रस्तुति होगी।

### गुरु जी से रहा जुड़ाव

शहर का गुरु विद्यासागर महाराज से पुराना जुड़ाव रहा है। पता चला है कि आचार्य श्री 80 के दशक में पहली बार अल्प प्रवास पर आए थे। चन्द्रगिरी में पहले चातुर्मास के बाद 2011 में आचार्य श्री के आशिर्वाद से जैन मंदिर का भूमिपुजन हुआ था। जिनालय निर्माण के बाद 2017 में आचार्य श्री सहित 28 अन्य साधुओं की मौजूदगी में संयम स्वर्ण वर्ष का पहला पंच कल्याणक महोत्सव सपन्न हुआ था। इस भव्यतम आयोजन में मौजूदा आचार्य समय सागर महाराज भी शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि नगर में जन्मी आर्यिका 105 सारमति माता आचार्य श्री की शिष्या है।

## भटक रहे किसान, कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं

# खाद की कालाबाजारी और किल्लत से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

यूरिया खाद की किल्लत दिनों दिन गंभीर होते जा रही है। धान सहित अन्य फसलों में छिड़काव के लिए किसानों को यूरिया की जरूरत है किन्तु सोसायटी से किसानों को खाद नहीं मिल रही है। समय पर खाद का छिड़काव नहीं हुआ तो उत्पादन पर प्रभावित होने की आशंका है।

जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति बुन्देली, विचारपुर, कुकुरमुड़ा अतरिया सहित अन्य सोसायटी में यूरिया खाद नहीं है। सभी जगह 80 टन से अधिक का खाद की डिमांड माह भर पहले भेजा जा चुका है पर अब तक सोसायटियों में खाद नहीं पहुंची है। जो खाद पूर्व में मिली थी उसे कुछ किसानों को वितरित कर दिया गया है। शेष किसान खाद आने का इंतजार कर रहे हैं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने कहा कि खरीफ सीजन के शुरूवात से ही किसान खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। इस विषय से विभाग को कई दफा अवगत कराकर किसानों को खाद उपलब्ध कराने आवेदन दिया जा चुका है। पर विभाग के सुस्त रवैया के चलते किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।



### विभाग की कार्रवाई शून्य

खाद संकट का सीधा लाभ खाद बिक्रेताओं को हो रहा है। डीएपी खाद निर्धारित दाम से डेढ़ गुना तथा यूरिया दो गुना दाम बिकने के बाद भी विभागीय कार्रवाई शून्य है। जानकारी अनुसार खाद बिक्रेताओं को विभाग द्वारा खाद बेचने की अनुमति पत्र इस आधार पर दिया जाता है कि वह निर्धारित कमीशन से अधिक मूल्य पर खाद नहीं बेचेंगे पर क्षेत्र की किसी भी दुकान में किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद नहीं मिल रही है।

### खाद व्यापारियों की चांदी

संकट के दौर में खाद बिक्रेता यूरिया खाद दोगुना तो डीएपी खाद डेढ़ गुना दाम पर बेच कर मुनाफा कमा रहे हैं। जीराटोला, मानपुर, चकनार, सड़क अतरिया, भरदा, कुकुरमुड़ा के किसानों ने बताया कि सोसायटी से खाद नहीं मिलने से मजबूरन उन्हें दुकान से खाद खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 266 रूपए कीमत वाली यूरिया पांच से साढ़े पांच सौ तथा सोसायटी में जो डीएपी 1350 रूपये में मिलती है उसे दुकानों से 17 से 18 सौ में खरीदना पड़ा है। जिला पंचायत सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि किसान हितैषी का ढोंग करने वाली सरकार व्यापारियों को लाभ पहुंचा रही है। वहीं किसान खाद के लिए दर दर भटकने मजबूर है। डीएपी डेढ़ और यूरिया के दो गुना दाम पर बिकने के बाद विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।



# सड़कें जर्जर, विभाग के अफसर बेपरवाह

## जर्जर सड़कों से ग्रामीण हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग एक ऐसा विभाग है जो जनता से सीधे जुड़ा है किन्तु वह न तो जनता की सुनता है और न उसे लोगों की समस्या दिखाई देती है।

ब्लाक की दर्जनों सड़कों की हालात खराब है फिर भी विभाग के अधिकारी ऑफिस से बाहर आने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने गत दिनों डोंगरगढ़ और खैरागढ़ ब्लाक को जोड़ने वाली सड़क के बारे में खबर प्रकाशित किया था। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने धरना भी दिया था, इसके बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। डोंगरगढ़ से खैरागढ़ व्यस्त सड़कों में शामिल है। इस सड़क से बड़ी संख्या में बसें गुजरती है साथ ही कर्मचारी, अधिकारी और मजदूर सफर करते है। सड़क के खस्ता हाल होने से आए दिन दुर्घटना होते रहती है।

### आंदोलन की तैयारी में ग्रामीण

ब्लाक के ढारा, भंडारपुर, परसाही, दैहान, गाड़ाघाट सहित अन्य गांव के लोग अब परेशान होकर आंदोलन की तैयारी में है। ग्रामीणों का कहना है कि वह जान जोखिम में डालकर सड़क पर सफर करते है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनकी परेशानी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# महीनों से बैंक में प्रबंधक नहीं, ग्राहक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

ग्राम पंचायत भंडारपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक महीनो से बिना प्रबंधक के चल रहा है। पिछले माह बैंक मैनेजर को किसी कारण से हटा दिया गया लेकिन उनके स्थान पर किसी नए को लाया गया्र जिससे बैंक के काम प्रभावित हो रहे है। किसानो ने बताया कि उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक भंडारपुर शाखा में है। उन्हे लोन सहित अन्य कामों के लिए भटकना पड़ रहा है क्योंकि बैंक में प्रबंधक नही होने से परेशानियां हो रही है। लोन लेने वाले किसानो को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही हैद्ध। किसानो ने बताया कि एक माह से वह लोन के लिए बैंक जा रहे है लेकिन मैंनेजर के नही होने से मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। लोन नहीं मिलने से किसान खेती की सामग्री की खरीदी नहीं का पा रहे हैं।




### सुर्खियों में रहा बैंक

क्षेत्र का यह पहला बैंक है जो हमेशा सुर्खियों में रहा है। कुछ महीने पहले लोन के बंदरबाट और फिर केसीसी लोन का मामला सामने आया था। वर्तमान में समस्या बैंक मैंनेजर की है जिसके नही होने से कामकाज अटके है। हितग्राहियो को समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

# बुंदेली स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व माध्यमिक शाला बुंदेली में गत दिनों बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक भुनेश्वर किशोर वैष्णव, शिक्षिका अनिता वैष्णव, मोनिका चंदेल के निर्देशन में चुनाव हुआ। पीठासीन अधिकारी चाईन सिंह जंघेल एवं मतदान अधिकारी शिवलाल साहू ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराया। चुनाव में प्रधानमंत्री राकेश्वर जंघेल, उप प्रधानमंत्री नवरात्रि यादव, कृषि एवं बागवानी मंत्री पलक ठाकुर, खेल मंत्री तामेश्वर यादव, स्वास्थ्य मंत्री गीता जंघेल, स्वच्छता एवं पर्यावरण मंत्री त्रिलोक ठाकुर एवं अनुशासन मंत्री ईशा यादव को बनाया गया। इसी प्रकार छठवी में कक्षा नायक पायल रजक, सातवी संजना नेताम, आठवी में कविता निर्मलकर चुनी गई है।



निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रधान पाठक श्री वैष्णव एवं शिक्षकों ने पद एवं कर्तव्य से अवगत कराया। अंत में शपथ दिलाई गई।

### छात्र प्रमुखों का चयन



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल खड़गांव में गत दिनों हेड बॉय, हेड गर्ल और कक्षा मॉनिटर का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में हेड बॉय शैलेश कुमार यादव, हेड गर्ल आंचल मंडावी, कक्षा मॉनिटर कक्षा 8वीं तुषार पटवा, मनीष रावटे, कक्षा 7वीं दीपिका टेकाम, दिशा साहू, कक्षा 6वीं कृष सेन, शिवांगी उसारे्र 5वीं धैर्य भोई, निधि भुआर्य, 4 थी आशीष टेकाम, शिवांगी उसारे, तीसरी नवीन कोठारी, चंचल टेकाम, दूसरी गरिमा यादव, कपिल शर्मा और कक्षा पहली में रूद्राक्षी, चहल टेकाम चुने गए। केजी 2 में वर्तिका मंडले, ऋषभ, केजी 1 में कनिष्क ठाकुर, कनिका साहू, नर्सरी अंशदीप ठाकुर और रूही को चुना गया।

### मुसराकला में पालकी यात्रा आज

**मुसरा।** ग्राम पंचायत मुसराकला में श्री चंद्रमोलेश्वर की पालकी यात्रा कल 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत शीतला मंदिर से होगी जो अस्पताल, शिव मंदिर तक भ्रमण करते हुए वापस राम मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात महाआरती की जाएगी। सरपंच प्रतिनिधि शिव टेम्बुलकर ने बताया कि पालकी यात्रा के दौरान दोपहर 2 बजे से शाम के 7 बजे तक मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। श्री टेम्बुलकर ने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

## ठेकेदार की लापरवाही उजागर

# सार्वजनिक शौचालय में स्वच्छता की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 10 स्थित श्मशान घाट से लगे सार्वजनिक शौचालय की बदहाली इन दिनों चर्चा में है। यहां स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। शौचालय में पानी भरा रहता है। सभी तरफ गंदगी फैली रहती है जिससे शौच जाने वालों को वापस लौटना पड़ता है। इस सार्वजनिक शौचालय में केयर टेकर की उपस्थिति भी अनियमित रहती है, जो इसकी बदहाली का प्रमुख कारण है।




### चारों ओर गंदगी का अंबार

नगर पंचायत ने सार्वजनिक शौचालयों को ठेका पर दिया है। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को शौचालयों की सफाई, केयर टेकर की उपस्थिति, हैंडवॉश और अन्य जरूरी सामानों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है किन्तु मौके पर स्थिति इसके विपरीत है। शौचालय के अंदर गुटखे के रैपर, बीड़ी-सिगरेट के अवशेष, स्नानागार में मल और सेप्टिक सीट में तैरता हुआ मल साफ तौर पर दर्शाता है कि ठेकेदार और केयर टेकर का ध्यान इस ओर नहीं है।

### सफाई की आवश्यकता

निवासपुर के मुक्कु बघेल जो इसी शौचालय के पास काम करते हैं, ने बताया कि शौचालय में गंदगी और अव्यवस्था है। उन्हें काम के दौरान शौच जाना था, परंतु गंदगी देखकर उन्हें अन्य जगह जाना पड़ा। इसी प्रकार गंडई के प्रकाश यादव ने बताया कि शौचालय पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। सफाई पर ध्यान देने के कारण लोग इसका उपयोग न के बराबर करते हैं। सुधार कराया जाएगा मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि नगर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत का ठेका हो चुका है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। केयर टेकर को जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा और सभी सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था सुधारा जाएगा।



फीचर इम्पेक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये

**Advance Diploma in Industrial Safety**




### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW • MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS • MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## सार समाचार

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी में मनाया गया सावन उत्सव

**राजनांदगांव।** रिद्धी-सिद्धी कालोनी की महिलाओं ने कजरी और बरसाती गीतों का सामूहिक गायन कर सावन उत्सव मनाया। नगर में शांति और हरियाली की समृद्धि की कामना करते गणेश मंदिर में पूजा और प्रार्थना की गई तथा कालोनी के गार्डन में फूल पौधे लगाए गए। कालोनी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस बार भी कालोनी की महिलाओं ने सावन उत्सव का आयोजन किया और झूले पर झूलकर बरसाती गीत गाकर आनंद मनाया। सोसायटी के निर्देशानुसार गार्डन में छोटे फूल पौधे लगाए गए और मंदिर में सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। आयोजन में शशि भदौरिया, चंद्रा राय, संगीता कोठारे, अर्चना राठी, प्रीति शर्मा, रंभा पांडेय, विजया पिल्ले, विद्या साहू, सुनीता हिरवानी, उषा मिश्रा, शैली साहू, चंद्रा बग सहित रेणु शर्मा, अनिता पाठक आदि का विशेष सहयोग रहा।



### सुरगी सहकारी समिति प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर में 44वां नाबार्ड स्थापना दिवस 12 जुलाई को आयोजन किया गया। जिसमें सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी को सर्वश्रेष्ठ पैक्स सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहलों को अपनाने के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और योगदान के लिए नाबार्ड छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर की ओर शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिला भाजपा राजनांदगांव उपाध्यक्ष व सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी अध्यक्ष लीलाधर साहू एवं प्रबंधक जितेंद्र चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. ज्ञानेंद्र मणि, प्रभात मिश्रा, सचिन देशमुख, प्रेमकुमार साहू, जितेंद्र साहू उपस्थित रहे।



### साइंस कॉलेज में कैंटीन का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** छात्रों की मांग एवं नैक की ग्रेडिंग के लिए शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में कैंटीन का शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष व पार्षद रवि सिन्हा एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कैंटीन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी मितेश वर्मा को सौंपी गई है।

महापौर श्री यादव और पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि कॉलेज कैंटीन परिसर के भीतर एक जीवंत केंद्र प्रतीत होता है, जो न केवल खाने-पीने की जगह के रूप में, बल्कि छात्रों के बीच सामाजिक मेलजोल और बौद्धिक चर्चाओं को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र-छात्राएं एवं प्राचार्य निर्मला उमरे, मितेश वर्मा, आदित्य श्रीवास समस्त कॉलेज के स्टाफ उपस्थित थे।



### सांसद ने किया शाला भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने गत दिनों ग्राम बनहरदी स्थित शासकीय विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। सांसद पांडे ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज, प्रदेश और देश की वह नींव है, जो उसकी प्रगति को बल देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, रविंद्र वैष्णव, भुवनलाल साहू एवं सरपंच पूजा साहू व ग्रामीजन उपस्थित रहे।



### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 1844 की नियमित मासिक बैठक 14 जुलाई को प्रदेश कार्यालय पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि डीएन साहू व अध्यक्षता डॉ. केएल टांडेकर ने की। बैठक में जिले के राजनांदगांव, छुरिया, कुमरदा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ के पेंशनर्स पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष जीआर देवांगन ने बताया कि कुछ माह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत जिला एवं तहसील में भी निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इसके लिए सभी तहसीलों में मतदाता सूची विधिवत संधारण की तैयारी की जानी चाहिए। बैठक में डॉ. केएल टांडेकर ने भी अपने विचार रखें। बैठक में एएच अंसारी, जीआर देवांगन, केआर साहू, एसके टेभरें, जीडी वैष्णव, मानसिंह ठाकुर, आरके रावी, बीटी वाल्दे, विजय कुमार निषाद, एचएस हुसैन,एसडी साव, हमीरचंद साहू, एसआर नागेश्वर सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित थे।



### प्रतियोगिता में अभिनव व साक्षी प्रथम

**राजनांदगांव।** वेटनरी पॉलिटेक्निक बोरी राजनांदगांव में राष्ट्रीय बकरी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को बकरी पालन से संबंधित विविध जानकारी दी गई। बकरी पालन के लाभ बकरी पालन के बढ़ते रुझान के बारे में चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. श्वेता जैन ने बताया कि बकरी पालन में लागत बहुत कम होती है। डॉ. प्रवीण रात्रे ने बकरियों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। संस्था में निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. विनीता एवं डॉ. सरिता ने अहम भूमिका निभाई। निबंध लेखन में अभिनव एक्का एवं पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## प्रशासन ने ली गणेशोत्सव समितियो की बैठक, दिए निर्देश

# झांकियों में तेज आवाज में नहीं बजेगा डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। गणेश उत्सव झांकी देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा। उन्होंने झांकी रूट चार्ट के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की सुविधा पहुंच सके। मूर्तियों का विसर्जन निर्धारित स्थान में ही किया जाएगा। उन्होंने गणेश पंडाल सड़क पर नहीं लगाने के निर्देश दिए। पंडाल से नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित श्री गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



### ध्वनि संबंधी जारी निर्देशों का करें पालन

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने डीजे संचालन को उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी निर्देशों का पालन करने कहा।

उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए समितियों से कहा। झांकी के दौरान पटाखे फोड़ना, किसी भी तरह का हथियार व लाठी-डंडा लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा।

## युवाओं ने नादिया में लगाए पौधे



**गंडई पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राथमिक शाला नादिया और मां भवानी मंदिर परिसर में युवा मित्र मंडल, भवानी समिति ने पौधरोपण किया। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार और जनपद पंचायत छुईखदान के उपाध्यक्ष राजू जंघेल उपस्थित थे। उन्होंने पौधरोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में तसीलराम पटेल, सरपंच हेमबाई केशव साहू, दुजे वर्मा, लिकेश साहू, और अनुज साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिक्षक दिनेश चतुर्वेदी ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। युवा मित्र मंडल के सदस्यों और भवानी समिति के पदाधिकारियों सहित पंचों ने पौधे लगाए।

# मोबाइल दुकान में चोरी के तीन आरोपी पकडाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोबाइल दुकान का रोशनदान तोड़कर दुकान में रखे 9 नग मोबाइल को चोरी होने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी रितराम साहू निवासी गुण्डरदेही द्वारा 17 जुलाई को थाना अंबागढ़ चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका ग्राम गुण्डरदेही बिजली आफिस के बाजू में साहू मोबाइल रिपेयर एवं मोबाइल दुकान है। जिसमें 16 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोर द्वारा दुकान के पीछे तरफ के रोशनदान को तोड़कर दुकान में रखे 9 नग मोबाइल कीमती 80000 रुपए को चोरी कर ले गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

रिपोर्ट पर पुलिस टीम बनाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोर की पतासाजी किया गया। पतासाजी पर संदेही लोकेश यादव पिता स्व. चतुर यादव 23 साल निवासी ग्राम बांधाबाजार, बिसम्बर मंडावी पिता पुनाउराम 21 वर्ष निवासी ग्राम थैलीटोला एवं नाबालिक बालक से पूछताछ करने पर चोरी करना सर्वकार किया। तीनों आरोपी से कुल 9 नग मोबाइल फोन कीमती अस्सी हजार रुपए को बरामद किया गया। दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय अं. चौकी एवं नाबालिक बालक को बाल न्यायालय भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई पर सउनि जनक लाल उमरिया, प्रधान आरक्षक जय कुमार सोनवानी, आरक्षक हेमंत उवर्शा, आरक्षक त्रिवेश सोनवानी, महिला आरक्षक लिलेश्वरी का विशेष योगदान रहा है।

## जो भी होता है वह कर्मों की वजह से होता है : वीरभद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र ने कहा कि कोई भी किसी को पीड़ा या सुख नहीं देता। जीव को जो मिलता है, वह उसके कर्मों की वजह से मिलता है। कर्म अच्छे होंगे तो फल अच्छा मिलेगा और कर्म बुरे होंगे तो नतीजा भी बुरा ही निकलेगा। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में आज अपने नियमित प्रवचन में मुनिश्री वीरभद्र ने कहा कि पाप और पुण्य साथ-साथ चलते हैं। हमारे कर्म इसे तय करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानियों की नजर में श्रावक वह होता है, जो वास्तविकता की समझ रखता है। उन्होंने कहा कि अपनी कैपेसिटी जांचने के लिए व्यक्ति को उपवास अवश्य रखना चाहिए। भोजन बिना आप कितने दिन रह सकते हैं, इससे आपकी वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

### आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़े आगे

मुनिश्री ने कहा कि हमने शक्ति प्रदर्शन को भक्ति मान लिया है। भक्ति भाव से है, शक्ति से नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जो विधाएं चल रही है, वह वास्तविक विधाएं नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक मानसिकता नहीं सुधरेंगी, तब तक परिणाम अच्छे नहीं निकल पाएंगे और आपके भीतर अहो भाव नहीं जागेगा। मुनि वीरभद्र ने कहा कि अपने होने का सदुपयोग करें और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़े।

पृष्ठ 9 का शेष

### किसानों की बन रही...

मौजूदा समय में डिजिटल क्रांति को देखते हुए किसानों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इसके तहत छत्तीसगढ़ कृषि विभाग डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत कृषक पंजीयन अनिवार्य किया है। इस नई पहल के तहत किसानों को यूनिक आईडी नंबर मिलेगा, जिसे फॉर्मर आईडी या किसान कार्ड के नाम से जाना जाएगा। इस यूनिक कार्ड के सहारे किसान सरकारी योजनाओं के साथ ही अनुदान भी प्राप्त कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने सभी जिलों को प्राथमिकता के रूप से यह काम करने निर्देश दिए हैं। राजस्व महकमा को इसका जिम्मा सौंपा गया है।

## सर्व आदिवासी समाज ने कहा मां बम्लेश्वरी हमारी कुलदेवी ट्रस्ट में मिले 50% आरक्षण!

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट में गोंड जनजाति को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

13 जुलाई रविवार को सर्व आदिवासी समाज जिला राजनांदगांव की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया है। मां बम्लेश्वरी देवी गोंड जनजाति की कुल देवी है और सदियों से उइके परिवार तथा संपूर्ण गोंड समाज के लोग परंपरा अनुसार पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

बैठक में तय किया गया कि मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में गोंड समुदाय को 50 प्रतिशत ट्रस्टी या सदस्य के रूप में आरक्षण प्रदान किया जाए। इसके लिए ट्रस्ट की नियमावली में आवश्यक संशोधन कर गोंड जनजाति के लिए यह आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत गावड़े व प्रांतीय उपाध्यक्ष सुदेश टीकम की अगुवाई में सामाजिक लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ट्रस्ट समिति के बायलाज को परिवर्तित कर समाज को पचास फीसदी आरक्षण देने की मांग की है।

### 20 को विरोध सभा का ऐलान

माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट के आगामी 20 जुलाई को होने वाले चुनाव को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने असहमति जताई है और इस दिन डोंगरगढ़ में विरोध प्रदर्शन और सभा आयोजित करने का ऐलान किया है।इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी राज्यों के भी सामाजिकगण उपस्थित रहेंगे।

### सभी समाज का प्रतिनिधित्व

मंदिर सभी सनातनी समाज का है। ट्रस्ट में सभी समाज के लोग शामिल हैं। बायलॉज में भी किसी भी समाज को किसी प्रकार का कोई आरक्षण देने का नियम नहीं है।

**मनोज अग्रवाल**, अध्यक्ष,
मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट

### अनदेखी पर कई राज्यों से जुटेंगे आदिवासी

समाज का कहना है कि यदि इस मांग की अनदेखी की जाती है तो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा सहित अन्य राज्यों के गोंड समाज के लोग एकजुट होकर संवैधानिक तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और ट्रस्ट की होगी। इस प्रस्ताव की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज रायपुर को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।

## अवैध रूप से बेच रहा था शराब, कोचिया पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत पुलिस ने एक कोचिया को पकड़कर 20 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों व शराब कोचियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राहुल मेश्राम 52 साल निवासी बसंतपुर कोदीखाना थाना बसंतपुर का कोदीखाना रोड में अवैध रूप से धन अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध रूप से बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 20 नग देशी मसाला शराब कीमती 2000 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। साथ ही आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।



### श्री चंद्रमौलेश्वर बाबा की पालकी यात्रा आज

**राजनांदगांव।** शिवगण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी मुसराकला के तत्वावधान में श्रवण मास के शुभ अवसर पर बाबा महाकाल की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 19 जुलाई को ग्राम भ्रमण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। बाबा चंद्रमौलेश्वर जी की भव्य आरती दोपहर 3 बजे होगी। उसके प्रसादी वितरण शाम 4 बजे बाजार चौक मुसराकला में किया जाएगा। उपस्थिति की अपील की गई है।



### बैठक 21 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 21 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

## मरम्मत के बाद भी गिरा स्लैब का प्लास्टर बड़ी घटना टली, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा हाल ही में शहर के जर्जर सुलभ शौचालयों की मरम्मत का कार्य कराया गया, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और कार्य में लापरवाही के चलते सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत ठीक तरीके से नहीं हो पाई। इसका उदाहरण जिला अस्पताल परिसर में बने सुलभ शौचालय को देखकर समझ जा सकता है।

बताया जा रहा है कि सुलभ शौचालय का मरम्मत कार्य कुछ माह पहले ही हुआ था। बीती रात इस सुलभ शौचालय के ऊपर स्लैब की प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि जिस वक्त स्लैब का प्लास्टर गिरा, वहां पर केयरटेकर भी मौजूद थे। स्लैब का प्लास्टर गिरने से वहां रखे सामानों को नुकसान हुआ है।



### जानमाल का खतरा

लाखों रुपए मरम्मत के नाम पर खर्च करने के बाद भी सुलभ शौचायलयों की मरम्मत बेहतर नहीं हुई है। सार्वजनिक सुलभ शौचालय में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में इसकी मरम्मत सही तरीके से नहीं होने के चलते जानमाल का खतरा भी बना हुआ है।

### मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार

सुलभ शौचालय की मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि स्वच्छता मिशन अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपए सुलभ शौचालय मरम्मत कार्य को लेकर स्वीकृति हुआ है। जिसमें खूब बंदरबाट किया गया है, जिस सुलभ को मरम्मत की जरूरत थी उन्हें ना करके जहां मरम्मत की आवश्यकता भी नहीं थी, उसे भी जोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि महीनेभर के भीतर मरम्मत कराई गई छत का हिस्सा गिरा। जिससे वहां मौजूद केयरटेकर यशवंत चौधरी को हल्की चोंट आई है। वहीं केयरटेकर द्वारा उपयोग में लाने वाली सामग्रियां क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने केयरटेकर की क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## कांग्रेस ने घेरा सीएसईबी का दफ्तर

# बिजली दर में वृद्धि, लालटेन लेकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध करते कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन किया गया। अपने प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस द्वारा बिजली दर में की गई बढ़ोत्तरी को वापस लिए जाने की मांग की गई।बिजली ऑफिस का घेराव करते कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने प्रदेश सरकार को जनविरोधी सरकार बताया और बिजली दर बढ़ाने के मामले में प्रदेश सरकार को घेरा।

प्रदर्शन के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दामों में वृद्धि कर रही है। 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता को लूटा जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। किसान पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ी जा रही है। कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, शारदा तिवारी, रमेश डाकलिया, डॉ. आफताब आलम, संतोष पिल्ले, हेमा देशमुख, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, माया शर्मा, अमित चंद्रवंशी, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, महेश साहू, झम्मन देवांगन, रूपेश दुबे, अब्बास खान, आफताब अहमद, शैलेष ठावरे, अभिषेक खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नहीं रोक पाई पुलिस

बढ़ी हुई बिजली दरों के खिलाफ ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस के इस प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते कांग्रेसी विद्युत मंडल कार्यालय की ओर बढ़े। इस दौरान गेट पर तैनात पुलिस उन्हें भीतर दाखिल होने से नहीं रोक पाई। कांग्रेसी बलपूर्वक विद्युत मंडल कार्यालय परिसर के भीतर घुसने में सफल रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम किया लालटेन भेंट

बिजली दफ्तर की सीढ़ियों पर लालटेन लेकर बैठे कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार से बढ़ी हुई बिजली दर वापस लेने नारेबाजी की। वहीं प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को लालटेन भेंट करने बिजली विभाग के एई को लालटेन सौंपा।




गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सैंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025






### 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा अभियान, पंजीयन के बाद मिलेगी सुविधाएं

# किसानों की बन रही डिजिटल आईडी 5.60 लाख में दो लाख का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


आधुनिकता के इस दौर में अब प्रदेश सरकार किसानों को भी पूरी तरह से डिजिटल करने जा रही है। फार्मर आईडी पोर्टल में पंजीयन के बाद अब हर किसान की एक डिजिटल आईडी बनाई जा रही है। खास बात यह है कि इस आईडी के बनने बाद किसान अपनी आईडी के जरिये ही फसल बीमा, समर्थन मूल्य पर धान बिक्री, ऋण लेने सहित अन्य कार्य कर पाएगा। अब तक अविभाजित जिले के पौने पांच लाख किसानों में दो लाख ने अपना पंजीयन करा लिया है। सीएससी सेंटरों के माध्यम से किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। इसके लिए समय-समय पर किसानों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी होते हैं।

▶▶ शेष पेज 16 पर

**खास बातें**

- जिले के सभी सीएससी सेंटरों को पंजीयन करने के दिए गए निर्देश
- किसान स्वयं से नहीं करा रहे अपना पंजीयन, विभाग करा रहा मुनादी




**शत-प्रतिशत पंजीयन का टारगेट**

हम जिले के शत-प्रतिशत किसानों को पंजीकृत करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिन किसानों ने भी अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द नजदीकी केंद्र में जाकर पंजीयन कराएं। सरकार की हर योजना का लाभ लेने यह अनिवार्य है। - **सरस्वती बंजारे,** प्रभारी अधिकारी

**मिलेगी यह सुविधा**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि – सीधे बैंक खाते में 6,000 रुपए वार्षिक सहायता
किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन– कम ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा
फसल बीमा योजना – प्राकृतिक आपदाओं में नुकसान की भरपाई
खाद-बीज सब्सिडी–सरकारी सब्सिडी का सीधा लाभ
डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजनाएं– बिना बिचौलियों के सीधे खाते में राशि हस्तांतरण
किसान आईडी का उपयोग ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग इन कर अपनी योजना की स्थिति जानने और आवेदन करने के लिए भी कर सकते हैं।

**किसान नहीं करा रहे पंजीयन, विभाग परेशान**

*मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर से अफसरों को इस काम को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। यही कारण है कि फिल्ड पर उतरकर पंजीयन कराया जा रहा है, लेकिन एक समस्या यह भी आ रही है कि किसान अपने मन से पंजीयन कराने नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं कई किसान जिले से बाहर रहते हैं, ऐसे में उन तक अपनी बात पहुंचाने में भी प्रशासन को दिक्कतें आ रही है। हालांकि किसान किसी भी शहर में ऑनलाइन पोर्टल के जरिये अपना पंजीयन करा सकता है।*


**आधार-बैंक पासबुक जरूरी**

मिली जानकारी के अनुसार किसान आईडी में पंजीयन कराने के लिए तीन दस्तावेज अनिवार्य रखे गए हैं। इनमें किसान का आधार कार्ड, उसके बैंक खाते की पासबुक एवं जमीन से जुड़े दस्तावेज जिनमें बी-वन, बी-टू, ऋण पुस्तिका शामिल है। इनके बदौलत किसान अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं। इस खरीफ सीजन में धान बेचने से पहले भी किसानों को इसमें पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन की सुविधा जिले के सभी लोक सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत, सहकारी समिति के अलावा कृषि विभाग के शिविर के माध्यम से दी जा रही है।

**नांदगांव में सर्वाधिक किसान**

अविभाजित राजनांदगांव जिले में किसानों की कुल संख्या करीबन 4.65 लाख है। हालांकि किसानों की संख्या घटते-बढ़ते रहती है। इनमें राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक 3.12 लाख किसान हैं। जिनमें अब तक 111884 किसान का पंजीयन कर लिया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 87500 किसान है। जिनमें 54802 किसान का पंजीयन हो गया है। ऐसे ही मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 65 हजार किसानों में से 33649 किसान ने अपना पंजीयन करा लिया है। 31 अक्टूबर तक यह पंजीयन का कार्य किया जाएगा।




## म्यूल अकाउंट, दुर्ग से एक आरोपी गिरफ्तार



- बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल अकाउंट खाताधारक की पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सिस बैंक के खाताधारकों द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धन राशि 7,77,599.00 रुपए को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में खाताधारकों के विरूद्व अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी शुभम सिंह राजपूत के खाता में उक्त ठगी रकम 99,990 रुपए उसके खाता में ट्रांसफर हुआ था। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्व अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

**तीन पर हुई थी कार्रवाई**

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान 25 साल निवासी तुमडीबोड, लोकेन्द्र बंजारे 30 साल निवासी ग्राम पिनकापार, दिगंत अवस्थी उर्फ लाला 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा हाल बीटीआई रोड डोंगरगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

## अवैध रूप से बेच रहा था शराब, कोचिया पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत पुलिस ने एक कोचिया को पकड़कर 20 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों व शराब कोचियों के विरूद्व लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राहुल मेश्राम 52 साल निवासी बसंतपुर कोढीखाना थाना बसंतपुर का कोढीखाना रोड में अवैध रूप से धन अर्जित करने के उद्देश्य से अवैध रूप से बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 20 नग देशी



मसाला शराब कीमती 2000 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया। आरोपी के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। साथ ही आरोपी के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## गर्भवती महिलाओं से सायबर क्राईम, सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** गर्भवती महिलाओं से मितानिन को कान्फ्रेंस में लेकर सरकारी अस्पताल राजनांदगांव से डॉक्टर हूं कहकर रकम निकासी ऑन लाइन ठगी कर क्राइम फ्रॉड किया गया।


इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को भाजपा ग्रामीण मंडल के नेतृत्व में आज ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकार पूर्व एवं पश्चिम के मंडल अध्यक्ष मनोज साहू एवं खिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती देव कुमारी साहू ,भाजपा वरिष्ठ विवेक साहू महामंत्री संदीप साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि कृष्णा साहू रामकिसुन साहू आसकुमार कन्नौजे, गोपाल साहू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**ओटीपी साझा ना करें**

सरपंच प्रतिनिधि रामकिसुन साहू ने ग्राम वासियों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की ओटीपी या अन्य जानकारी मोबाइल फोन के माध्यम से साझा ना करें।उक्त जानकारी रामकिसुन साहू समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत परमालकसा के द्वारा दिया गया।







कवर्धा के जनसेवक, जननायक सबके लाडले यशस्वी उपमुख्यमंत्री
विजय शर्मा जी
को जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं शभकामनाएं...
19 जुलाई
Happy
Birthday
शुभेच्छु-
ईश्वरी साहू अध्यक्ष, जिला पंचायत-कबीरधाम

## खबर संक्षेप

### शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला कोलेगांव में पदस्थ सहायक शिक्षक विवेक शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। इस न्योता भोज कार्यक्रम में हलवा, पूरी, सब्जी परोसा गया। जिसमें प्रधान पाठक नारद साहू, सहायक शिक्षक विवेक शर्मा, दिनेश पाण्डेय, एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष मनोज साहू, अतिथि शिक्षक रोशनी शर्मा, संकुल प्राचार्य श्री डहरिया, समन्वयक श्री चंद्राकर, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक श्री कोसरिया, जगत कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ ही साथ पालक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### आरपीएस स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा एनसीएफ पर विशेष कार्यशाला आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल सिंघनुपरी-कवर्धा में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की सविस्तार रूपरेखा एनसीएफ फाउंडेशनल स्टेज 3 से 8 वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल विकसित करना, खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा सामाजिक, भावनात्मक विकास पर समग्र ध्यान केन्द्रित करना था। इस अवसर पर विशेष रूप से रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षिका सबिता चतुर्वेदी, प्राचार्य आदर्श विद्यालय, मोवा रायपुर एवं ग्रेसिया फीग्रेड, प्राचार्य देल्ही पब्लिक स्कूल, कवर्धा की उपस्थिति रही। जिन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या को विषयवस्तु को सविस्तार प्रस्तुत किया। उक्त कार्यशाला के पहले सत्र में एनसीएफ 20 के एनसीएफ के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें फाउंडेशन स्टेज के बच्चों का गणितिय और भाषायी ज्ञान को विकसित कराने के लिए विभिन्न तकनीक (वीडियो, ऑडियो, कविता आदि) के माध्यम से पढ़ाने पर जोर दिया गया। फाउंडेशन स्टेज के विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के लाभ और उससे विभिन्न भाषा सीखने के प्रक्रिया को आसान बनाती है। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में आसपास के विभिन्न वस्तुओं को दिखाकर उनको तुलना करके गणित के मूलभूत प्रक्रिया के बारे में सिखाया गया साथ ही वर्णमाला का सही उपयोग सिखाने हेतु कॉर्टून के माध्यम का उपयोग करने कहा गया। उक्त कार्यशाला में विद्यालय के प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक सहित अन्य सीबीएसई विद्यालयों के 60 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के कुशलतापूर्वक संपादन पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल उत्कृष्टता केन्द्र ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### आबकारी विभाग की अवैध कच्ची महुआ मदिरा के विरूद्ध बडी कार्यवाही

**हरिभूमि कवर्धा।** अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय-धारण के विरूद्ध गुरूवार को आबकारी वृत्त- बोड़ला अंतर्गत ग्राम बद्दो में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की विश्वनीय मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी सोहन सिंह खुसरो के निवास पर दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं आरोपी सोहन सिंह खुसरो पिता कंशराम खुसरो जाति-गोड़ आयु 21 वर्ष निवासी ग्राम बद्दो थाना बोड़ला के कब्जे से 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। बाजार मूल्य 2000 रुपए मदिरा को मौके पर जप्त किया गया। एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1) क, 34 (2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया। आबकारी वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव रायजादा के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक गीता साहू, रामानंद दीवान, विद्या सिंह परमार, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।

### कलेक्टर ने श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए बेहतर व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए

# भोरमदेव, डोंगरिया व पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़ियों के लिए रहेगी व्यापक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सावन मास के दूसरे और तीसरे तथा चौथे सोमवार को अमरकंटक समेत विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु और कांवड़ पदयात्रा कर ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार देर शाम भोरमदेव मंदिर परिषर में अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी सुविधाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सावन के प्रथम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोरमदेव पहुंचे थे। आने वाले सोमवारों को यह संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पार्किंग व्यवस्था, कांवड़ियों के लिए वॉटर प्रूफ पंडाल विश्राम की प्रयाप्त व्यवस्थाओं, पेयजल, शौचालय, पर्याप्त रोशनी और बैकअप के लिए जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कांवड़ियों की यात्रा मार्ग पर बने विश्राम स्थलों में स्वच्छ पेयजल और शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कवर्धा से भोरमदेव और अन्य मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा, ताकि रात्रि समय में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि भोरमदेव में दो स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। विद्युत आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की स्थिति में तत्काल सेवा के लिए जनरेटर उपलब्ध रहेंगे। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए वॉटरप्रूफ टेंट लगाए गए हैं, साथ ही आसपास के भवनों में भी अतिरिक्त ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी शौचालयों की साफ-सफाई कर उन्हें उपयोग के लिए तैयार रखा गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आने वाले सोमवारों को भोरमदेव पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और समय-समय पर स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, बोड़ला एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल, तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय, जनपद सीईओं आकश सिंह, दौवा गुप्ता, निशांत झा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

#### भोरमदेव मंदिर परिषर में अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



बैठक में बताया गया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर भोरमदेव मार्ग में जहां-जहां कांवड़िए रुकते हैं, वहां स्कूल, भवन, टेंट, अस्थाई शौचालय, मेडिकल टीम, प्राथमिक उपचार किट, प्रकाश व्यवस्था तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और स्वयंसेवी संगठनों को समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाया गया है। अमरकंटक से कावंड यात्रा निकलने पर पड़ने वाले ग्राम लमनी और खुड़िया में कांवड़ यात्रियों के लिए वॉटरप्रूफ टेंट की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे बारिश के दौरान भी यात्रियों को कोई असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त पंडरिया, कुई, पोलमी, डोंगरिया, खड़ौदा, सिल्हाटी, पोंड़ी सहित कवर्धा के विभिन्न शासकीय स्कूलों एवं पंचायत भवनों में भी पेयजल, रात्रि विश्राम एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। बोड़ला जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजानवांगांव, खरहट्टा, भोरमदेव, बोड़ला एवं कबीरकुटी सहित जनपद पंचायत कवर्धा के अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी, समनापुर, अमलीडीह, बरपेलाटोला, रेंगाखार खुर्द एवं कोड़ार में भी पेयजल, ठहरने एवं स्वच्छ शौचालय की सुविधा को दुरूस्त किया गया है।

# मजदूर व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडरिया शक्कर कारखाना का किया जंगी घेराव

## मजदूरों के रोजी रोटी की लड़ाई में कांग्रेस उनके साथः जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में कार्यरत अंचल के किसान परिवारों के करीब 90 श्रमिकों को बेवजह काम से निकाले जाने के बाद अब जिला कांग्रेस कमेटी ने इन मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ने का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के साथ पंडरिया शक्कर कारखाना के पास धरना प्रदर्शन कर कारखाना का घेराव किया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बताया जाता है कि बरसते पानी और गरजते बादल में शुक्रवार की देरशाम तक चले इस घेराव किया। जहां इन मजदूरों की हक को लेकर सभी ने एक सुर में उनकी रोजी-रोटी वापस दिलाने की बात कही। आंदोलन बहुत वृहद था पुलिस प्रशासन और कारखाना प्रबंधन ने बड़े-बड़े बेरीगेट काटे तार लगाकर आंदोलनकर्ता मजदूरों को रोकना चाहा पर इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आनंद सिंह एवं कार्यकर्ताओं के सामने ये बेरिकेट टिक नहीं पाया और मजदूरों के साथ सभी कांग्रेस नेता कारखाने के अंदर घुस गए और देर शाम तक खूब नारे बाजी के बाद कारखाना प्रबंधन तथा जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और आश्वासन दिया जिसके बाद श्रमिकों से चर्चा कर कांग्रेस ने घेराव तो समाप्त कर दिया लेकिन श्रमिकों का धरना प्रदर्शन अभी भी जारी है।

#### भ्रष्टाचार व मनमानी के चलते अब कारखाना गर्त में जा रहा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शासनकाल में गन्ना किसानो के इस शक्कर कारखाना को, कारखाना प्रबंधन और सत्ताधारियों ने अपनी निजी सम्पत्ति बना लिया गया है। स्थिति ये है कि कारखाना में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार व मनमानी के चलते अब कारखाना गर्त में जा रहा है।

#### कारखाना में कार्यरत किसान परिवारों के मजदूरों को काम से निकालकर उनकी रोजी रोटी छीन रहा

कवर्धा शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की गन्ना उत्पादक किसानों को फसल बेंचने के महिनो बाद भी भुगतान नहीं मिल पा रहा है, अमानक व नकली खाद बेंचकर गन्ना किसानो को ठगा जा रहा है, और अब कारखाना प्रबंधन सत्ताधारियों के इशारे पर कारखाना में कार्यरत किसान परिवारों के मजदूरों को काम से निकालकर उनकी रोजी रोटी छीन रहा है।

#### सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों को अंदर खाने कारखाना में रखने का कार्य कर रहा : आनंद सिंह

कांग्रेस नेता आनंद सिंह ने कहा कि कारखाना प्रशासन किसानो और उनके परिवारों के साथ लगातार अन्याय कर रहा है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान कारखाना के शेयरधारी हैं इस लिहाज से वे कारखाना के मालिक हैं। लेकिन कारखाना प्रबंधन के अधिकारियों और सत्ता से जुड़े कुछ लोगों ने किसानो के शक्कर कारखाना को अपनी बपौती समझ लिया है। यही वजह है कि कारखाना प्रबंधन ने एक फरमान जारी कर कारखाना में वर्षो से कार्यरत किसान परिवारों के 90 कर्मचारियों को काम से निकाल दिया। हद तो ये है कि इन कर्मचारियों को निकालने का कारण जरूरत से ज्यादा कर्मचारियों की संख्या बताई जा रही है और तो दूसरी तरफ कारखाना प्रबंधन इन निकाले गए किसान परिवार के कर्मचारियों के स्थान पर अपने चहेते और सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों को अंदर खाने कारखाना में रखने का कार्य कर रहा है।

# जालंधर व शंकर संवाद तथा त्रिपुरासुर व मार्कण्डेय ऋषि की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया



■ श्री शिव महापुराण कक्षा सुनने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी जोराताल-कवर्धा में 13 से 20 जुलाई तक आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास महाराज ने जालंधर व शंकर संवाद तथा त्रिपुरासुर व मार्कण्डेय ऋषि की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जालंधर की शक्ति उसकी पत्नी वृंदा के पतिव्रत धर्म में थी। लेकिन जब उसका सतीत्व भंग हुआ, तब उसका अंत हुआ। यह कथा हमें यह सिखाती है कि चाहे कोई भी कितना बलवान क्यों न हो, यदि वह अहंकार और अन्याय के मार्ग पर चलता है तो उसका अंत निश्चित है।

इसी तरह त्रिपुरासुर वध कथा और मार्कण्डेय ऋषि की अमरता की कथा ने श्रोताओं को धर्म, भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी जोराताल-कवर्धा में दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक सभी श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ ले रहे है। वहीं कथा समापन 20 जुलाई को विशाल भंडारा व रूद्राभिषेक के साथ किया जाएगा।

### सीसी रोड के अभाव से वार्डवासी परेशान कीचड़ में तब्दील हुई गलियां, आवागमन बाधित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में पक्की सीसी रोड के अभाव में रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण जन आज भी शासन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अनेकों योजनाओं से वंचित नजर आ रहे हैं। गांव के गलियों में न तो सीसी मार्ग बन पाया है और न ही निस्तारी के लिए पक्की नाली का निर्माण हुआ है। वहीं घरों से निकलने वाला निस्तारी का गंदा पानी बीच गलियों में बहता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम की समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी आज तक सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्राम पंचायत घोरपेंण्ड्री स्थित वार्ड क्रमांक 05 की गलियों में सीसीकरण नहीं होने से बरसात के चलते हमेशा दलदल की स्थिति बनी रहती है। जिसमें लोग फिसलकर गिरकर चोटिंल हो रहे हैं। नाली निर्माण नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला निस्तारी का पानी व बरसात की पानी की जमावड़ा होने से गलियां कीचड़मय होने से आवागमन बाधित व रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। बरसात के चलते गलियों में कीचड़ हो जाता है। सीसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों द्वारा कई बार पंचायत स्तर पर व अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है । वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अगर मुरूमीकरण पंचायत की ओर से डलवा दिया जाता है तो ग्रामीणों को कुछ राहत मिल सकती है। एक ओर जहां शासन प्रसाशन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव-गांव की गलियों में साफ-सफाई की जा रही है और एक ओर ग्राम पंचायत घोरपेण्ड्री वार्ड क्रमांक 05 की गलियों में गंदगी पसरी हुई है।

### राशन वितरण, महतारी वंदन, पोषण आहार वितरण एवं दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण के संबंध में पूछा प्रश्न

# विधायक ने विधानसभा में बिलासपुर-तखतपुर-पोंड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में लापरवाही व विलंब के संबंध में किया ध्यानाकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के अंतिम दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बिलासपुर-तखतपुर-पोंड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में हो रही लापरवाही तथा अनियमितता एवं सड़क की जर्जर स्थिति से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया और सदन का ध्यानाकर्षण किया। इसके साथ ही प्रदेश में तीन माह का राशन एक मुश्त वितरण, पंडरिया विधानसभा अंतर्गत महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदान करने वाले स्व सहयता समूहों के चयन प्रक्रिया तथा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण के संबंध में प्रश्न पूछा।

श्रीमती भावना बोहरा ने जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और निर्माण कार्य में लापरवाही व अनियमितता करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही के संबंध में सदन का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत बिलासपुर-तखतपुर-पोंड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। इस सड़क के निर्माण कार्य में ठेकेदारों की लापरवाही, निर्माण कार्य की धीमी गति एवं गुणवत्ता मानकों की अनदेखी के कारण यह मार्ग आज भी आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं है। आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में मैंने स्वयं कई बार विभागीय अधिकारियों से लेकर अन्य संबंधित जिम्मेदारों से चर्चा की है, परंतु अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र की सड़क, जिसे पीडब्ल्यूडी को हस्तांतरित होना था, उसमें भी अनावश्यक विलंब के चलते मार्ग की हालत अत्यंत खराब बनी हुई है। बाईपास मार्ग का निर्माण भी अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा, जिससे जनता को असुविधा हो रही है। इन सभी कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। केंद्रिय परिवहन मंत्री की घोषणा के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं दिख रही है।

अतः इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को शीघ्रता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विषय की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रदेशवासियों को एकमुश्त तीन माह का राशन वितरण करने के संबंध में भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि राज्य में तीन माह का चांवल एकमुश्त वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य कितना है? एवं जून, 2025 तक इसमें से कितने फीसदी लक्ष्य की प्राप्ति की जा चुकी है? क्या तीन माह का चांवल एकमुश्त वितरण हेतु तय दिनांक तक निर्धारित लक्ष्य का सौ फीसदी वितरण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा? यदि नहीं, तो क्या उक्त हेतु तय समय सीमा में वृद्धि की जाएगी? तीन माह का चांवल एकमुश्त वितरण के लिए राशन की उपलब्धता एवं भण्डारण हेतु विभाग की ओर से क्या व्यवस्था की गई है? जिन स्थानों पर पर्याप्त गोदाम या सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं है एवं वितरक दुकानों की भी संख्या सीमित है, ऐसे स्थानों हेतु क्या व्यवस्था-प्रयास किए गए हैं?

राशन वितरण के दौरान आने वाली तकनीकी समस्या, भण्डारण की समस्या, भ्रष्टाचार, जमाखोरी, वितरक द्वारा लापरवाही आदि आमजन की समस्याओं हेतु क्या शिकायत मंच-ई-पोर्टल की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है? यदि हां, तो अब तक कितनी शिकायते प्राप्त हुई है एवं कितनी शिकायतों का निवारण किया जा चुका है? जिसका लिखित प्रतिउत्तर देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 03 माह का चांवल एकमुश्त वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है, अपितु उचित मूल्य दुकानों में संलग्न राशनकार्ड में निर्धारित मासिक पात्रता के आधार पर प्रतिमाह खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण हेतु आबंटन जारी किया गया है। हितग्राहियों द्वारा पात्रता अनुसार उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का उठाव किया जाता है। 03 माह का चांवल एकमुश्त वितरण हेतु भारत सरकार द्वारा 31 जुलाई 2025 तक समय-सीमा वृद्धि किया गया है। 03 माह का चांवल एकमुश्त वितरण के लिए चांवल के भण्डारण हेतु उचित मूल्य दुकानों में चक्रानुक्रम में स्थान की उपलब्धता अनुसार भण्डारण किया गया। इसके अतिरिक्त उचित मूल्य दुकानों के निकट स्थित अन्य शासकीय भवन, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन आदि में चांवल भण्डारण की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य स्तर पर विभागीय कॉल सेंटर संचालित है। 01 जून, 2025 से 30 जून, 2025 तक खाद्यान्न वितरण संबंधी 269 शिकायतें प्राप्त हुई है, इनमें से 231 शिकायतों का निराकरण किया गया है।

#### महतारी वंदन योजना हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में प्रश्न किया

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में महतारी वंदन योजना हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में प्रश्न करते हुए विधायक श्रीमती बोहरा ने पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जून, 2025 तक की स्थिति में महतारी वंदन योजना हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए थे? प्राप्त आवेदनों में से कितनी महिलाओं को पात्र एवं अपात्र के रूप में चयनित किया गया? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महतारी वंदन योजना के तहत अब तक कितनी महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है एवं अब तक कुल कितनी राशि महिलाओं के खातों में ट्रांसफर की गई है? महतारी वंदन योजना के सन्दर्भ में समय पर भुगतान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार, गलत भुगतान एवं पोर्टल पर तकनीकी खराबियों की कुल कितनी शिकायतें मिली हैं? इसमें से कितने मामलों में दस्तावेजों की त्रुटियों के कारण भुगतान रोका गया? उक्त शिकायतों में से कितनी शिकायतों का निवारण किया जा चुका है एवं शेष शिकायतों का निराकरण कब तक कर दिया जाएगा? जिस पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने लिखित उत्तर में बताया कि महतारी वंदन योजना में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 फरवरी 2024 तक ही निर्धारित प्रारूप में आवेदन लिए गए है, तत्पश्चात कोई आवेदन प्राप्त नहीं लिए गए है। 20 जुलाई 2024 की स्थिति में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 1,25,174 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,24,841 महिलाएं पात्र थी एवं 333 महिलाएं अपात्र है। जून 2025 की स्थिति में 1,23,925 महिलाएं पात्र है। महतारी वंदन योजना के संदर्भ में प्रश्नाधीन विधानसभा में पोर्टल में समय पर भुगतान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार, गलत भुगतान एवं पोर्टल पर तकनीकी खराबियों की प्राप्त शिकायतों में से किसी भी मामले में दस्तावेजों की त्रुटियों के कारण भुगतान नहीं रोका गया है, उक्त शिकायतों में से सभी शिकायतों का निराकरण किया गया है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 20 फरवरी 2024 के पश्चात नए आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।



जीवेद शरदः शतम्
भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना की ओर से
छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्माननीय
श्री विजय शर्मा जी
19 जुलाई
शुभ जन्मदिवस
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं...
विनीत : भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित राम्हेपुर कवर्धा
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

**अनदेखी:** बाढ़ग्रस्त नदी नालों में न प्रशासन की रोकटोक, न बेरिकेटिंग

# उफनते नदी-नालों को पार करने की गुस्ताखी कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते कुछ दिनो से कवर्धा सहित जिले के मैदानी तथा वनांचल ईलाकों में हो रही झमाझम बारिश से अंचल के नदी, नाले उफान मारने लगे हैं। आलम ये है कि जिले के विकासखण्ड बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा तथा स.लोहारा क्षेत्र के वनांचल ईलाकों में बहने वाली कई नदियां व नाले पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि ग्रामीणों द्वारा बावजूद इसके इन नदी, नालों में डूबे पुल-पुलिया को पैदल तथा वाहनो के साथ पार करने की गुस्ताखी कर जोखिम मोल लिया जा रहा है। दुर्भाग्य का विषय यह भी है कि ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए बाढ़ग्रस्त नदी नालों में प्रशासन द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए गए है। न तो मार्गो को बंद किया गया है और न ही किसी की तैनाती ही मौके पर की गई है। ऐसी ही बद इंतजामी के बीच बीते शुक्रवार को विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम बिगाहरा से होकर बहने वाली हाफ नदी में आई बाढ़ के दौरान क्षेत्रवासी उफनते नदी को पार करते नजर आए। बताया जाता है कि बीते कुछ दिनो से इस वनांचल क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश के चलते हाफ नदी उफान मार रही है और बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते बिगाहरा से होकिर बहने वाली नदी में बनी पुलिया के ऊपर करीब ढाई से तीन फीट पानी बह रहा है, जिससे मार्ग बाधित हो गया। लेकिन शुक्रवार को नदी में बाढ़ होने तथा पुलिया के ऊपर से पानी बहने के बाद भी लोगों द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर नदी को पार करते देखा गया। बताया जाता है कि यही स्थिति जिले के दूसरे ईलाकों का भी है जहां नदी, नालों में बाढ़ के हालातों में भी लोग तथा वाहन चालक बेरोकटोक आना जाना कर रहे हैं।

### लगातार की बारिश में अंचल के नदी, नालों का बढ़ा जल स्तर



यहां बताना लाजिमी होगा कि ऐसी ही स्थिति पंडरिया क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से चार स्थानीय नदियां बहती है जिसमें आगर नदी, किलकिला नदी, हाप नदी तथा कन्हैया नदी शामिल है। बताया रहा है कि इन दिनो लगातार हो रही बारिश के चलते सभी नदियां उफान पर हैं और इन नदियों में बने कई छोटे पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है। जिससे लोगों का आना जाना बाधित हो रहा है। लेकिन कहीं भी प्रशासनिक रोकटोक अथवा बेरिकेटिंग देखने को नहीं मिल रही है। जिसके आभाव में लो खतरा मोल ले रहे हैं।

# गौरक्षा के नाम पर की गई मारपीट व गाली गलौच मामले में दो गिरफ्तार

- शिकायत के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बीते दिनो गौरक्षा के नाम पर कुछ तथाकथित व्यक्तियों द्वारा एक युवक के साथ सार्वजनिक स्थान पर की गई मारपीट, गालीगलोंच एवं जान से मारने की धमकी के मामले में कवर्धा कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 314/2025, धारा 115(2), 191(2), 191(3), 296, 331(6), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के सतत पर्यवेक्षण में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में नामजद आरोपियों सागर साहू एवं पूरन पाली को 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने कृत्य को स्वीकार करते हुए घटना में अन्य साथियों की भी संलिप्तता की जानकारी दी है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। कबीरधाम पुलिस इस अवसर पर पुनः स्पष्ट और कड़ी चेतावनी जारी करती है कि कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति, संगठनों की आड़ में हिंसा या सामाजिक दबाव की राजनीति किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। जो लोग यह मान बैठे हैं कि वे अपने संख्या बल या शोरगुल से कानून और प्रशासन को झुका सकते हैं, उन्हें यह जान लेना चाहिए कि ऐसे हर प्रयास को विधिसम्मत ढंग से कार्यवाही की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिला पुलिस आम नागरिकों, समाज के सभी वर्गों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से अपील करती है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि, अपराध या कानून विरुद्ध कृत्य दिखाई दे, तो उसे अपने हाथ में लेने की बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रत्येक सूचना पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करेगी। परंतु यदि कोई व्यक्ति कानून को स्वयं लागू करने का प्रयास करेगा, तो फिर वह स्वयं ही परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

## खबर संक्षेप

### कैंसर एवं रक्त रोगों के लिए विशेष शिविर आज

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार बालाजी मेडिकल सेंटर द्वारा जिला चिकित्सालय कवर्धा में 19 जुलाई 2025 शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में बालाजी मेडिकल सेंटर रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंसर एवं बोन मैरो संबंधी परीक्षण, मुख कैंसर परीक्षण (माउथ स्कैनिंग), हीमेटोलॉजी एवं रक्त संबंधी बीमारियों की जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर विशेष रूप से कैंसर एवं रक्त संबंधी बीमारियों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं इलाज के लिए आयोजित किया जा रहा है। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**कवर्धा।** कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषकों होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के किसान मुख्य फसल-धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल-मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली एवं उड़द का बीमा करा सकते है। योजनांतर्गत सभी ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते है।

# ब्लाक कांग्रेस ने किया पिपरिया विद्युत कार्यालय का घेराव

## सरकार द्वारा बढ़ाई गई विद्युत दरों का विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन के तहत शुक्रवार को ब्लाक कांग्रेस कवर्धा ग्रामीण के बैनर तले पिपरिया विद्युत कार्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि बीते डेढ़ साल के भीतर भाजपा की साय सरकार चौथी बार बिजली के दाम बढ़ाकर सीधे तौर पर जनता की जेब में ढांका डाल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि सरकार ने इस बार घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। वहीं सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि विद्युत पंप के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर किसानो का बोझ बढ़ा दिया है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब भाजपा सरकार कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने आगे कहा कि इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। धरना प्रदर्शन एवं घेराव के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मणिकांत त्रिपाठी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा, ईश्वर शरण वैष्णव पूर्व उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, वीरेंद्र जांगड़े प्रदेश सचिव, राजेंद्र चंद्रवंशी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, रजपाल साहू पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, भोलाराम चंद्रवंशी जोन अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने बैंक प्रबंधन से की मुलाकात

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को जिले के लीड बैंक अधिकारी सुधीर बत्ता से सौंजन्य मुलाकात कर जिले में व्यापारिक स्थिति पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान बैंक ओटीपी के नाम पर हो रहे ऑनलाइन फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए, चेम्बर ने लीड बैंक से इस संबंध में जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया, जिसमें चेम्बर द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने की बात कही गई। चेम्बर के जिला अध्यक्ष आकाश आहूजा, जिला मंत्री प्रभु राजपुरोहित, ज्ञानी गुप्ता एवं दीप शर्मा इस मुलाकात में उपस्थित थे। जिन्होने बैंक प्रबंधन को अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# संसाधन नहीं तो काम नहीं के समर्थन में राजस्व विभाग के अधिकारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

- 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं और मूलभूत संसाधनों की कमी को लेकर संसाधन नहीं तो काम नहीं नारे के तहत चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इसी कड़ी में संघ के पदाधिकारियों ने आज कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया और राज्य शासन से शीघ्र समाधान की अपील की। संघ की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि तहसील कार्यालयों में मानव संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, प्रशासनिक सहयोग और कार्य संचालन हेतु आवश्यक उपकरणों की भारी कमी के कारण अधिकारियों को रोजमर्रा के कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी कई बार शासन का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया, किंतु समाधान अब तक नहीं हो सका है। आंदोलन के पहले चरण में 17 जुलाई को सभी जिलों में ज्ञापन सौंपा गया। दूसरा चरण 21 से 26 जुलाई तक तहसीलों में कार्य बंद कर मनाया जाएगा। तीसरे चरण में 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन, 29 जुलाई को संभाग/राज्य स्तर पर प्रदर्शन और 30 जुलाई को राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जाएगा। संघ द्वारा प्रस्तुत 17 सूत्रीय मांगों में तहसीलों में स्वीकृत सेटअप के अनुरूप पदस्थापना, पदोन्नति की स्पष्ट प्रक्रिया, सेवा शर्तों में सुधार, न्यायिक आदेशों पर अनावश्यक एफआईआर पर रोक, एसएलआर, एएसएलआर की बहाली, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति, मोबाइल भत्ता, सड़क दुर्घटना सहायता राशि जैसे प्रावधानों की मांग की गई है। संघ ने शासन से मांग की है कि राजस्व तंत्र की मजबूती, अधिकारियों की कार्यदक्षता और जनहित में इन मांगों को शीघ्र स्वीकार कर आवश्यक निर्णय लिए जाएं, ताकि प्रदेश में प्रभावी और सुचारु प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके।

# नाले में मिला अज्ञात महिला का शव जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोहिल झुमर के बीच स्थित रहजंगा नाला में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही उसका कोई सुराग मिल सका है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। बताया जाता है कि गुरूवार को कुछ लोगों ने कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत बोहिल झुमर के बीच स्थित रहजंगा नाला में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी उन्होने तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराए जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को इसमें सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस के मुताबिक मृतका के शरीर पर कोई पहचान चिह्न नहीं मिला है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी ने महिला को पहचानता हो तो कुकदूर थाना से संपर्क करें। अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की मौत किन हालातों और किन परिस्थितियों में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर में किया कदम पौधे का रोपण



**कवर्धा।** पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में कदम के पौधे का रोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधा रोपण न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सौंपने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम भी है। कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए इसे भावनात्मक और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर एक पेड़ मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण सुनिश्चित करें। पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर डॉ. मोनिक कौडों, विनय पोयम, नरेंद्र पैकरा सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यावरण के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

अफ्रिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलीगनजारों को एक माह में तीन बार फतह करने की तमन्ना

# अंकिता गुप्ता पर्वतारोहण में बनाना चाहती है विश्व रिकार्ड, शासन से मांगी आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा पुलिस बल में महिला आरक्षक के पद में पदस्थ पर्वतारोही अंकिता गुप्ता ने अफ्रिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी मांउण्ट किलीमनजारों ऊंचाई 19.341 फिट में तीन बार पर्वतारोहण करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को लेकर कलेक्टर को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में अंकिता गुप्ता ने बताया कि वह वर्ष 2022 के जनवरी माह में लेह लद्दाख की युटी कांगडी की चोटी ऊंचाई 19.914 फीट तापमान माईनस 39 डिग्री सेल्सीयस में तिरंगा फतह कर चुकी है तथा 15 अगस्त 2022 को युरोपिय महाद्वीप की सबसे उंची चोटी माउंट एलब्रुस उंचाई 18510 फीट तापमान माईनस 30 डिग्री सेल्सीयस में तिरंगा फतह कर राज्य सरकार के न्याय एवं सशक्तीकरण के मॉडल को प्रदर्शित कर पुलिस विभाग एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। अंकिता ने बताया कि वह अपने इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब अफ्रिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलीगनजारों ऊंचाई 19,341 फीट पर एक माह की अवधी में तीन बार पर्वतारोहण कर तिरंगा फतह कर विश्व रिकार्ड कायम करना है। जिसमें लगभग 7,00,000 रूपए का खर्च है। अंकिता ने बताया कि इस पर्वतारोहण अभियान के लिए उसने आवेदन दिया था किन्तु उसे मुख्य मंत्री स्वेच्छानुदान से मात्र दो लाख रूपए की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है। अभियान के लिए अभी भी पांच लाख रूपए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है, जिसे एनएमडीसी, एनटीपीसी जिंदल स्टील प्लांट बाल्को, डीएमएफ फन्ड या पुलिस विभाग के माध्यम से दिलायी जा सकता है। अंकिता ने शासन प्रशासन तथा पुलिस विभाग से शेष 500000 रूपए की राशि प्रदान किए जाने की मांग की है।

### राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर में हांसिल की गई उपलब्धियां


यहां बताना लाजिमी होगा कि अंकिता गुप्ता कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 4 की रहने वाली है। चार भाई बहनो में अंकिता पुलिस विभाग में महिला आरक्षक के पद में पदस्थ है। पिता छोटी सी किराना दुकान चलाते हैं माता गृहणी है। अंकिता का जीवन संघर्षरत रहा है। बचपन से ही खेल के प्रति रुचि एवं स्कूल कॉलेज में खेल क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर में अनेको पदक प्राप्त करने वाली अंकिता गुप्ता ने अपनी इसी काबलियत के चलते वर्ष 2014 में छत्तीसगढ़ पुलिस जिला कबीरधाम में महिला आरक्षक के पद पर चुनी गई। विभाग में आने के बाद भी उसने अपनी खेल प्रतिभा का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर लोहा मनवा चुकी है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला पुलिस कबीरधाम के संचालन में फोर्स अकैडमी में ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र तथा दीगर जिलो के बच्चों को निःशुल्क शारीरिक एवं लिखित परीक्षा की ट्रेनिंग दे रही थी जिसके तहत अब तक लगभग 600 से अधिक बच्चों का चयन हो चुका है। इसी बीच वर्ष 2021 में सामुदायिक पुलिसिंग एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य सरकार द्वारा राज्य का पहला संस्करण विरनी पुरस्कार से अंकिता को नवाजा। उसके बाद वर्ष 2022 जनवरी में लेह लद्दाख की ऊंची चोटी लगभग 20000 फीट की ऊंचाई पर माइंस 39 डिग्री सेल्सियस पर तिरंगा पता किया था इसके उपरांत सातों महाद्वीप की ऊंची चोटी में तिरंगा फतह करने का ठान लिया । उसके बाद राज्य सरकार के आर्थिक सहयोग से 15 अगस्त 2022 को यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुश ईस्ट एवं वेस्ट में लगभग 19000 फीट की ऊंचाई माईनस 30 डिग्री में तिरंगा वह पुलिस झंडा फतह कर राज्य सरकार का न्याय एवं सशक्तिकरण के मॉडल को प्रस्तुत किया था एवं माउंट एवरेस्ट ईस्ट एवं वेस्ट को फतेह करने वाली राज्य की पहली महिला बनी। अब अंकिता अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो जिसकी ऊंचाई लगभग 20000 फीट पर लगातार तीन बार तिरंगा फतह कर विश्व रिकॉर्ड बनना चाहती है।

# जिला शिक्षा अधिकारी वर्मा ने ली बैठक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जिले की शैक्षिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने आज जिला शिक्षा कार्यालय में समस्त सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं खंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में सहायक संचालक यूआर चंद्राकर, डीजी पात्रा, एमके गुप्ता, समग्र शिक्षा के डीएमसी नकुल पनागर एवं सतीश यदु विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल, स. लोहारा के संतोष भास्कर एवं गुप्ता, बोडला के भानु चंद्राकर आदि उपस्थित थे।


युवा हिन्दू हृदय सम्राट जन प्रिय जन जन के नेता विजय भैया
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
19 जुलाई
राम कुमार चन्द्रवंशी
सुगंध चंद चन्द्रवंशी
शिवभजन चन्द्रवंशी
विनीत : सलिल चन्द्राकर, वरिष्ठ समाज सेवी कबीरधाम


हम सब के प्यारे जन जन के दुलरुवा, किसान के मितान अऊ गरीब के जुबान जननायक
भैया विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिन की
बहुत बहुत बधाई
एवं
हार्दिक शुभकामनाएं
19 जुलाई
नंद श्रीवास
उपाध्यक्ष जं. पं. बोड़ला
श्रीमती बालका वर्मा
अध्यक्ष जं. पं. बोड़ला
श्री रामकिंकर वर्मा
विधायक प्रतिनिधि
हीरो जांगडे
कांति (राजा) वर्मा
प्रतिनिधि उपा.जं.पं. बोड़ला


किसान के मितान अउ ओखर जुबान
कवर्धा के माटी पुत्र
माननीय विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को
जन्मदिवस
के शुभअवसार पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
रामकुमार भट्ट
सभापति
एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत
कबीरधाम
श्रीमती सुशीला भट्ट
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत
कबीरधाम
शुभेच्छु: रामकुमार सुशीला भट्ट जिला- कबीरधाम (छ.ग.)


जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
परिहार हॉस्पिटल की ओर से
छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी
उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा के
लोकप्रिय जननायक
विजय शर्मा जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
PARIHAR HOSPITAL

# खाद की कालाबाजारी और किल्लत से किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

यूरिया खाद की किल्लत दिनों दिन गंभीर होते जा रही है। धान सहित अन्य फसलों में छिड़काव के लिए किसानों को यूरिया की जरूरत है किन्तु सोसायटी से किसानों को खाद नहीं मिल रही है। समय पर खाद का छिड़काव नहीं हुआ तो उत्पादन पर प्रभावित होने की आशंका है।

जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति बुन्देली, विचारपुर, कुकुरमुड़ा अतरिया सहित अन्य सोसायटी में यूरिया खाद नहीं है। सभी जगह 80 टन से अधिक का खाद की डिमांड माह भर पहले भेजा जा चुका है पर अब तक सोसायटियों में खाद नहीं पहुंची है। जो खाद पूर्व में मिली थी उसे कुछ किसानों को वितरित कर दिया गया है। शेष किसान खाद आने का इंतजार कर रहे हैं। जिला किसान



कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने कहा कि खरीफ सीजन के शुरूवात से ही किसान खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। इस विषय से विभाग को कई दफा अवगत कराकर किसानों को खाद उपलब्ध कराने आवेदन दिया जा चुका है। पर विभाग के सुस्त रवैया के चलते किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।

**खाद व्यापारियों की चांदी :** संकट के दौर में खाद बिक्रेता यूरिया खाद दोगुना तो डीएपी खाद डेढ़ गुना दाम पर बेच कर मुनाफा कमा रहे हैं। जीराटोला, मानपुर, चकनार, सड़क अतरिया, भरदा, कुकुरमुड़ा के किसानों ने बताया कि सोसायटी से खाद नहीं मिलने से मजबूरन उन्हें दुकान से खाद खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 266 रूपए कीमत वाली यूरिया पांच से साढ़े पांच सौ तथा सोसायटी में जो डीएपी 1350 रूपये में मिलती है उसे दुकानों से 17 से 18 सौ में खरीदना पड़ा है। जिला पंचायत सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि किसान हितैषी का ढोंग करने वाली सरकार व्यापारियों को लाभ पहुंचा रही है। वहीं किसान खाद के लिए दर दर भटकने मजबूर है। डीएपी डेढ़ और यूरिया के दो गुना दाम पर बिकने के बाद विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

## विभाग की कार्रवाई शून्य

खाद संकट का सीधा लाभ खाद बिक्रेताओं को हो रहा है। डीएपी खाद निर्धारित दाम से डेढ़ गुना तथा यूरिया दो गुना दाम बिकने के बाद भी विभागीय कार्रवाई शून्य है। जानकारी अनुसार खाद बिक्रेताओं को विभाग द्वारा खाद बेचने की अनुमति पत्र इस आधार पर दिया जाता है कि वह निर्धारित कमीशन से अधिक मूल्य पर खाद नहीं बेचेंगे पर क्षेत्र की किसी भी दुकान में किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद नहीं मिल रही है।










जन जन के नेता, छ. ग. के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री
श्री विजय शर्मा जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
कार्यक्रम
• प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण
• कर्मवीरों का सम्मान
• 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वाकिंग ट्रेक का भूमि पूजन
स्थान - वीर सावरकर भवन, कवर्धा
समय : सुबह 10 बजे से
आप सभी सादर आमंत्रित है...
विनीत - नगर पालिका परिषद कवर्धा


मान.श्री विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिन की
अनंत शुभकामनाएं
विनीतः शुभचिंतक
नगर पंचायत स.लोहारा
श्री संतोष मिश्रा
अध्यक्ष नगर पंचायत स.लोहारा


कवर्धा के जनसेवक, जननायक
सबके लाडले यशस्वी उपमुख्यमंत्री
भैया विजय शर्मा जी
को जन्मदिन की अनंत बधाई एवं
शुभकामनाएं
Happy Birthday
शुभेच्छु- समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, कबीरधाम